Title : Need to expedite the construction works in Delhi for the Commonwealth Games to be held in 2010.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): अध्यक्ष महोदया, वर्ष 2010 में तीन अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स होने है। हमारे राष्ट्र के लिए यह चिन्ता का विषय है कि इन गेम्स के लिए जो निर्माण कार्य चल रहे हैं चाहे स्टेडियम निर्माण का मामला हो, चाहे होटल निर्माण का मामला हो, डीडीए के द्वारा बनाए जा रहे फ्लैट्स का मामला हो, ये सारे निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहे हैं। निश्चित रूप से यह चिन्ता का विषय हो गया है कि जब कॉमनवेल्थ गेम्स आरंभ होंगे, तब तक क्या ये निर्माण कार्य पूरे हो पाएंगे?

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूं कि सरकार को कम से कम उन एजेंसीज और व्यक्तियों को स्पष्ट निदेश देने चाहिए, जिन्होंने निर्माण के कार्य अपने हाथ में ले रखे हैं कि काम सही ढंग से हो और समय से पूरा हो, ताकि हमारे राष्ट्र का सिर शर्म से न झुके। उस समय हमारे देश में तमाव विदेशी मेहमान आएंगे। मैं समझता हूं कि इसके पीछे कुछ उन एजेंसी या लोगों का हाथ है, जो यह चाहते हैं कि निर्माण कार्य में देरी हो और हम उल्टी-सीधी शर्तें आयोजनकर्ताओं से मनवा सकें। इसलिए यह सरकार के लिए और आयोजनकर्ताओं के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि तमाम देशों के खिलाड़ी यहां आएंगे। उस समय हमारे देश का सिर गर्व से ऊंचा रहे, यह कोशिश होनी चाहिए।